राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल :, dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYAL
(State Technological University of Madhya Prad
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) – 46
Phone : 0755 – 2678
Fax : 0755 – 2742
Email :dsw@rgpv.a
Website : www.rgpv.a

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2024 / 233 भोपाल, दिनांक 05 / 12 / 2024

सूचना

प्रति,

समस्त प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग / फार्मेसी
एम0सी0ए0 / आर्किटेक्चर / पत्रोपाधि महाविद्यालय

विषय :— 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में 16 से 23 दिसंबर एक सप्ताह के अंतर्गत मनाए जाने बावत्।
संदर्भ :— शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, का पत्र दिनांक 24 / 11 / 2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, दिनांक 22 दिसंबर को विश्वविख्यात (मूल भारत के) गणितशास्त्री श्री निवास रामानुज का जन्मदिवस है। वर्ष 2012 में उनके जन्म के 125 वर्ष निमित इस दिवस को **" राष्ट्रीय गणित दिवस "** के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। तब से देश में इस दिवस को मनाने की परम्परा प्रारंभ हुई है।

संलग्न संदर्भित पत्र अनुसार विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में **22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में 16 से 23 दिसंबर एक सप्ताह** के अंतर्गत मनाया जाना आपेक्षित है। उक्त हेतु संलग्न पत्र का अध्ययन कर पालन सुनिश्चित करे। जिससे उक्त आयोजन के माध्यम से छात्र, छात्राऐं इस महान गणितज्ञय के जीवन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर उनसे प्रेरणा प्राप्त करे।

संलग्न :— संदर्भित पत्र।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2024 / 234 भोपाल, दिनांक 05 / 12 / 2024

प्रतिलिपि :—

01 माननीय कुलपति जी के निज सचिव / माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।
02 कुलसचिव जी के स्टाफ ऑफिसर ओर सूचनार्थ।
03 समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के संचालक / प्राचार्य की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

(मा. कुलपतियों हेतु)

देश बदलना है तो शिक्षा को बदलो

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

Shiksha Sanskriti Utthan Nyas

अध्यक्षः डॉ. (श्रीमती) पंकज मित्तल सचिवः अतुल कोठारी

दिनांकः-24.11.2024

माननीय श्री

सादर नमस्कार,

आपके संज्ञान में होगा ही कि दिनांक 22 दिसम्बर को विश्वविख्यात (मूल भारत के) गणितशास्त्री श्री निवास रामानुजन का जन्मदिवस है। वर्ष 2012 में उनके जन्म के 125 वर्ष निमित इस दिवस को **''राष्ट्रीय गणित दिवस''** के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। तब से देश में इस दिवस को मनाने की परम्परा प्रारंभ हुई है।

वर्ष 2012 के पूर्व भारत के ही इस विश्वविख्यात गणितज्ञ को देश के अधिकतर गणित के शिक्षक भी नहीं जानते थे। हमारी दृष्टि से इस दिन मनाने का तात्पर्य यह है कि इस महान गणितज्ञ को कम से कम प्रथम देश के शिक्षा जगत के लोग जाने-समझे एवं उन्होंने गणित के क्षेत्र में जो अप्रतिम कार्य किया है, उस कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास करे।

इस हेतु आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप अपने विश्वविद्यालय / संस्थान में एवं आपके विश्वविद्यालय संस्थान से जुड़े / संबद्ध अथवा आपके अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक शैक्षिक संस्थानों में **22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में 16 से 23 दिसम्बर एक सप्ताह के अंतर्गत मनाया जाए।**

इस विषय से सम्बन्धित हमारे द्वारा प्रकाशित एक हिन्दी की पुस्तक एवं फोल्डर्स उपलब्ध है। पूर्व सूचना पर आवश्यकतानुसार सशुल्क उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा सकता है।

सादर,

भवदीय

अतुल

(अतुल कोठारी)
राष्ट्रीय सचिव